# भारत की राष्ट्रपति
# श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
# का
# दादरा व नगर हवेली तथा दमन व दीव Public Function में सम्‍ बोधन

**सिलवासा, नवंबर 13, 2024**

मुझे इस संघ राज यक्षेत्र में आप सभी के बीच आकर अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। यहां के लोगों द्वारा जिस गर्मजोशी के साथ मेरा स्वागत किया गया है वह मेरी स्मृति में सदैव अंकित रहेगा। मैं इस स्वागत-सत्कार के लिए यहां के प्रशासक श्री प्रफुल्‍ ल पटेल जी तथा सभी निवासियों को धन्यवाद देती हूं।

इस क्षेत्र के लोग बहुत परिश्रमी माने जाते हैं। वे अपने स्नेह-पूर्ण स्वभाव के लिए भी जाने जाते हैं। इस संघ राज यक्षेत्र के लोगों के योगदान को पहचान कर उन्हें सरकार द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। वर्ष 2022 में, सामाजिक कार्यों के लिए, श्रीमती प्रभाबेन सोभागचंद शाह जी को पद्म श्री सम्मान दिया गया था। वे महिला सशक्तिकरण के अपने कार्यों के लिए जानी जाती थीं। पिछले वर्ष कला के क्षेत्र में, श्री प्रेमजीत बारिया जी को पद्म श्री प्रदान किया गया है। वे एक प्रख्यात चित्रकार और शिक्षक हैं।

देवियो और सज्जनो,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी स्कूलों में infrastructure को बेहतर करने पर जोर दिया गया है जिससे शिक्षण और अध्यापन कार्य बेहतर स्तर पर किया जा सके। अच्छा infrastructure होने से समावेशी और प्रभावी शिक्षा में सहायता मिलती है।

आज इस झण्डा चौक स्कूल का लोकार्पण करके मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई है। मुझे आशा है कि आधुनिक smart class, संगीत कक्ष, तथा अटल

टिंकरिंग लैब जैसी सुविधाओं से युक्त इस स्कूल में बच्चों को रोचक तरीके से आधुनिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। मैं स्वयं बच्चों के स्कूल में पढ़ाती थी। मुझे बच्चों को पढ़ाना बहुत अच्छा लगता था। आज मुझे एक और स्कूल के बच्चों और अध्यापकों से मिलने का अवसर मिलेगा। ऐसे अवसरों पर मेरे अंदर की अध्यापिका जीवंत हो जाती है।

यहां के प्रशासन द्वारा उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। वर्ष 2018 में दमन में Government Engineering College शुरू किया गया था जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान की जा सके। वर्ष 2022 में NIFT भी स्थापित किया गया है। यह परिसर मुंबई और अहमदाबाद के समीप है। मुंबई फैशन की महानगरी है, अहमदाबाद भी कपड़ों से जुड़े कार्यों के लिए प्रसिद्ध है। इस क्षेत्र के लोग व्यापार वृद्धि के लिए भी जाने जाते हैं। शिक्षा और व्यवसायिक गतिविधियों का यह मिलन विद्यार्थियों के लिए अच्छे अवसर प्रदान करता है।

मुझे कल NIFT और Engineering College के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों से मिलकर बहुत हर्ष का अनुभव हुआ। मुझे प्रायः विद्यार्थियों के बीच जाने का अवसर मिलता है। मुझे लगता है कि जिस ऊर्जा और विश्वास के साथ हमारे देश के युवा आगे बढ़ रहे हैं, उसी के बल पर विकसित भारत का निर्माण होगा।

देवियो और सज्जनो,

कल मैंने दमन में Aviary का भ्रमण किया। मुझे बताया गया है कि यह Aviary, eco-tourism को बढ़ावा दे रही है। नमोपथ-seafront जाना मेरे लिए एक सुखद अनुभव था। इस क्षेत्र की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर अत्यंत समृद्ध है। इन धरोहरों के कारण यह संघ राज्यक्षेत्र एक अच्छा tourist-destination है।

मुझे बताया गया है कि केंद्र सरकार और संघ राज यक्षेत्र के प्रशासन द्वारा यहां पर्यटन के विस्तार के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। नए विकास कार्य किए जा रहे हैं। कई जगहों का नवीनीकरण किया गया है। मुझे बताया

गया है कि यहां पतंग-उत्सव और Monsoon Festival जैसे कई लोकप्रिय उत्सवों का भी आयोजन किया जाता है।

मैं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करती हूं। पर्यटन में विस्तार से रोजगार की नई संभावनाओं का सृजन होता है। हमारे देश की सुंदरता और धरोहर के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोग जान पाते हैं। साथ ही, जब हम अन्य क्षेत्रों के लोगों से मिलते हैं तो हम और अधिक उदार और संवेदनशील भी बनते हैं।

देवियो और सज्जनो,

हमारे संविधान की प्रस्तावना के अनुसार भारत के लोगों को सामाजिक, आर्थिक, तथा राजनैतिक न्याय उपलब्ध कराना हमारा राष्ट्रीय लक्ष्य है। मुझे बताया गया है कि इस संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासन के द्वारा निवासियों के जीवन को सुगम बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं जिसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। सुशासन के लिए ग्राम पंचायतों की भागीदारी बहुत सहायक होती है। इस यात्रा के दौरान मेरा एक पंचायत घर में जाने का भी कार्यक्रम है।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि वर्ष 2022 में ही इस संघ राज्यक्षेत्र ने देश में सबसे पहले 'हर घर जल' पहुंचाने का लक्ष्य प्राप्त किया था। कोरोना महामारी तथा अन्य चुनौतियों के बावजूद सामूहिक प्रयासों को जारी रखने से यह उपलब्धि हासिल हुई है।

मैं आज NAMO Medical Education and Research Institute में भी गई थी। वर्ष 2019 में इस संस्थान की शुरुआत की गयी थी। इस संस्थान में मेडिकल सीटों को बढ़ाया गया है। Shri Vinoba Bhave Civil Hospital में उपलब्ध beds की संख्या में भी वृद्धि हुई है तथा उसे और भी बढ़ाया जा रहा है। मेडिकल सुविधाओं के विकास के लिए किए जा रहे ये सभी कार्य सराहनीय हैं।

देवियो और सज जनो,

भारत सरकार द्वारा 15 नवंबर को प्रत्येक वर्ष 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाया जाता है। यह स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदाय के लोगों के योगदान से सभी देशवासियों को अवगत कराने का सराहनीय कदम है। भारत सरकार द्वारा जनजाति समुदाय के विकास के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। इस संघ राज्यक्षेत्र में जनजातीय भाई-बहनों की बड़ी आबादी है। मुझे बताया गया है कि जनजातीय समाज के कल्याण और विकास के लिए यहां के प्रशासन द्वारा अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। खानवेल में आईटीआई की स्थापना की गई है। इससे जनजातीय समाज के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण मिलेगा। 'गिर आदर्श आजीविका योजना' के तहत कई जनजातीय बहनों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। इससे Dairy Farming का विकास हुआ है।

मुझे बताया गया है कि इस संघ राज्यक्षेत्र में Micro, Small और Medium Enterprises में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलता है। दादरा और नगर हवेली export oriented districts में शामिल है। यहां से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 में इस संघ राज्यक्षेत्र का कुल निर्यात लगभग 35 हजार करोड़ रुपए का था।

देवियो और सज जनो,

इस संघ राज्यक्षेत्र के समग्र विकास के विषय में जानकर मुझे बहुत खुशी होती है। इसके लिए मैं यहां के प्रशासक और उनकी पूरी टीम, जन-प्रतिनिधियों और निवासियों को साधुवाद देती हूं तथा सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

धन्यवाद,

जय हिन्द!

जय भारत!